


डाक पंजीयन क्र. L/RNP/म.प्र./मन्दसौर/122/2024-26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 111 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 03 फरवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया

## जंगल में पुलिस की दबिश, चार जुआरियों को दबोचा

**मंदसौर, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** दलौदा थाना क्षेत्र के जंगल में दबिश देकर पुलिस ने चार जुआरियो को दबोचा। आरोपियो के कब्जे से 15 हजार रूपए नगद जप्त किए गए। दरअसल शनिवार शाम कचनारा चौकी पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कचनारा-ताराखेड़ी रोड के जंगल में कुछ लोग अवैध रूप से हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं।

एएसआई मोहम्मद यूनुस मंसूरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर चारों आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों में मिरशेर पिता अजीम खान पठान, साहिल पिता अजबनूर मंसूरी, मोहम्मद रफीक पिता हसुद्दीन मंसूरी और जाफर पिता फरीद मंसूरी शामिल हैं। सभी आरोपी कचनारा और लसूड़िया इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 15 हजार रुपए नकदी और दो टीवीएस अपाचे बाइक बरामद की हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।

# पद्मश्री कालुराम बामनिया की सीतामऊ साहित्य महोत्सव में उपेक्षा

**✻ मंदसौर के साहित्यकार का छलका दर्द, कार्यक्रम की अव्यवस्थाओं पर खुलकर साझा किए अपने अनुभव ✻ अपने मालवा क्षेत्र के देवास के है लोकगायक श्री बामनिया**

**मंदसौर, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** विगत दिनो सीतामऊमें आयोजित साहित्य महोत्सव में हुई अव्यवस्थाओं के चलते अब स्थानीय साहित्यकारों का दर्द भी सामने आने लगा है। पहले शिक्षाविद एवं साहित्यकार श्री रमेशचंद्र चंद्रे ने खुले शब्दो में राजनीतिक दलो को चेताया तो अब पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य तथा वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रविन्द्र कुमार सोहोनी ने भी अपने विचार खुलकर बयां किए। श्री सोहोनी के मुताबिक महोत्सव में उत्साह से गए कई साहित्यकार यहां की अव्यवस्थाओं से पहले दिन ही उब गए। नतीजा उद्घाटन के बाद पलटकर ये सभी दोबारा सम्मेलन में नही गए।

बता दें कि श्री सोहोनी लगाताद दूसरी बार महामहिम राज्यपाल द्वारा मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक समिति की स्थाई समिति के सदस्य मनोनीत किए गए है। डॉ. सोहोनी कहते है कि मालवा में जिला प्रशासन द्वारा साहित्य महोत्सव का आयोजन किया गया, यह



बहुत अच्छी बात है। लेकिन, यहां भी मालवा के साहित्यकारो की उपेक्षा की गई। मालवा के प्रसिद्ध लोकगायक पद्मश्री कालुराम बामनिया को कार्यक्रम में आमंत्रित ही नहीं किया गया। जबकि, बीते वर्ष ही उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।

देखा जाएं तो संपूर्ण आयोजन में कुछ चापलूस लोग घुस गए थे, उन्होंने पूरे आयोजन को कैप्चर कर लिया था। यही कारण रहा कि शुरूआत से ही आयोजन में अव्यवस्थाएं हावी रहीं। मंदसौर से महोत्सव में शामिल होने के लिए पहुंचे 8-10 साहित्यकार प्रथम सत्र के बाद ही भोजन के पांडाल में अव्यवस्थाएं देखकर यहां से बाहर निकले और बाजार में नाश्ता कर वापस मंदसौर लौट आएं।

### केन्द्रीय मंत्री ने दिया सम्मान तो मिला लखावत को मंच...

सीतामऊमें आयोजित साहित्य महोत्सव में विशेष रूप से राजस्थान से पूर्व राज्यसभा सांसद औंकारसिंह लखावत को बतौर साहित्यकार आमंत्रित किया गया था। आपने भारतीय ज्ञान परंपरा के विषय पर व्याख्यान दिया। लेकिन, कार्यक्रम में वर्चुअल शामिल हुए केंद्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत ने जब शुभारंभ पर अपने ऑनलाईन संबोधन के दौरान नीचे कुर्सी पर बैठे पूर्व सांसद लखावत को देखकर कहा कि मैं श्री लखावत को प्रणाम करता हूं। इसके बाद आयोजनकर्ताओ का ध्यान गया और श्री लखावत को मंच पर बिठाया गया। इससे पहले वे श्रोताओ की पंक्ति में बैठे हुए थे। यानि कार्यक्रम में बुलाए गए लोगों के सत्कार का भी अभाव दिखा।

### नहीं समझा पूर्व उच्चायुक्त राघवन का महत्व...

कार्यक्रम के दौरान देश के लिए विदेशों में अपनी सेवा देने वाले पूर्व उच्चायुक्त श्री टीसीए राघवन का महत्व भी आयोजनकर्ता नही समझ पाएं। डॉ. सोहोनी के अनुसार होना तो ये था कि किसी ऐसे व्यक्ति से उनका साक्षात्कार करवाया जाना था जो विदेश नीति की समझ रखता हो। जिससे वर्तमान विदेश नीति के संबंध में आमजन को जानकारी मिलती। लेकिन, एक निजी विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका को ये जिम्मैदारी सौंपी गई। नतीजा यह रहा कि विदेश नीति के संबंध में पूर्व उच्चायुक्त श्री राघवन के विचार साहित्यकार, विद्यार्थियों तक नही पहुंच पाएं। बता दें कि डॉ. सोहोनी राजनीती शास्त्र के विशेषज्ञ है और विदेश नीति पर उनकी पुस्तक तक प्रकाशित हो चुकी है। लेकिन ऐसे मुर्धन्य साहित्यकार को दरकिनार करना आयोजकों की अदूरदर्शिता या सम्यक तैयारी का अभाव कहा जा सकता है।



# आधार को लेकर मशक्कत..!

**✻ लंबी कतार, टोकन को लेकर तनाव ✻ सेंटरों पर लग रही भारी भीड़**

**मंदसौर, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** इन दिनों कई लोगों को आधार तगड़ा तनाव दे रहा है। हम बात कर रहे हैं आधार कार्ड की। आधार कार्ड सेंटर पर भारी भीड़ उमड़ रही है। टोकन को लेकर जद्दोजहद करना पड़ रही है तो लंबी कतार में खड़ा होकर इंतजार मजबूरी बना हुआ है।

किसी भी सरकारी योजना या अन्य कागजी औपचारिकता में आधार कार्ड के बिना काम चलना मुश्किल है। आधार की अनिवार्यता के बीच कही नाम तो कही उपनाम तो कही जन्मतिथि से लेकर घर के पते में गलतिया या भिन्नता आ रही है। इसी कारण इसमें संशोधन के लिए आम लोग बैंक से लेकर पोस्टऑफिस तक दौड़ लगा रहे है और इसमें उन्हें परेशान भी होना पड़ रहा है। कहने को तो पूरे जिले में 25 से अधिक जगहों पर आधार अपडेट करने के लिए मशीनें बैंक से लेकर पोस्टऑफिस में काम कर रही है। लेकिन, असल में मुख्य पोस्टऑफिस पर अत्यधिक भीड़ इसके लिए पहुंच रही है। सिर्फ 50 टोकन दिए जा रहे है। इसी कारण पहले 50 टोकन पाने के लिए डाकघर खुलने से पहले ही कतारों में लोग खड़े हो रहे है। आधार में सुधार के लिए कई घंटों तक लोगों को कतार में लगना पड़ रहा है।

### जरुरी है आधार और आधार अपडेट...

आधार अपडेट का काम हर किसी को कराना पड़ रहा है। पूर्व में जब आधार कार्ड बने तो उस समय नाम से लेकर उपनाम व पता सहित अन्य जानकारी में इतना ध्यान नहीं दिया गया। अब स्कूल से लेकर बैंक खाता और हर जगह दस्तावेजों में आधार कार्ड की जरुरत लग रही है और इसी कारण बार-बार संशोधन करना पड़ रहा है। हर किसी को आधार अपडेशन से गुजरना पड़ रहा है। हर दिन इसके लिए लोगों को भटकते हुए भी देखा जा सकता है। यहां तक की खाद लेने के लिए भी किसानों को आधार देना पड़ रहा है।

### पोस्ट ऑफिस पर कतार...

अफीम गोदाम रोड स्थित मुख्य पोस्टऑफिस पर आधार अपडेट कराने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। सुबह 10 बजे मुख्य पोस्टऑफिस खुलने के दो घंटे पहले ही पोस्टऑफिस के बाहर इसके लिए कतारें लग रही है। कहने को तो लोकसेवा केंद्र से लेकर सभी बैंक व पोस्टऑफिस में आधार अपडेट के काम के लिए मशीनें उपलब्ध है। जिले में 25 से अधिक जगहों पर इसकी मशीनें ई-गर्वनेस के माध्यम से दी गई है। लेकिन, सबसे अधिक भीड़ मंदसौर के मुख्य पोस्टऑफिस पर ही लग रही है। हर दिन यहां सिर्फ 50 टोकन दिए जा रहे है और टोकन के माध्यम से काम किया जा रहा है। इसी कारण पहले 50 टोकन पाने के लिए पोस्टऑफिस के बाहर घंटों पहले लोग खड़े हो रहे है। यह दौर कई दिनों से चल रहा है।

### बैंक पोस्ट ऑफिस में आधार अपडेशन...

ई-गर्वनेस के जिला प्रबंधक वैभव बैरागी ने बताया कि जिले में 25 से अधिक आधार अपडेशन की मशीन काम कर रही है। पोस्टऑफिस से लेकर सभी बैंक में मशीन दे रखी है। एक बार में ज्यादा अपडेशन भी नहीं होता है। मुख्य पोस्टऑफिस पर सबसे अधिक लोग इसके लिए पहुंचते है।

## युवती ने फांसी लगाई, मौत

**नीमच, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सिटी थाना क्षेत्र की यादव मंडी में रहने वाली एक 21 साल की युवती ने शनिवार शाम अपने घर में फांसी लगा ली। घटना के समय उसके घर में कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। मृतका की पहचान खुशी यादव के रूप में हुई है, जो देवीसिंह यादव की बेटी थी।

मृतका के पिता ने बताया कि शाम को घर लौटे तो कमरे का दरवाजा बंद मिला। काफी देर तक आवाज देने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला, तो दूसरी चाबी से दरवाजा खोला। अंदर का दृश्य देखकर होश उड़ गए। बेटी फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को बड़े अस्पताल भेजा, जहां रविवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल, आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पूर्व सरपंच घर में चला रहा था ड्रग्स फैक्टरी

**दो बाइक सवारों को एमडी के साथ पकड़ा, दो करोड़ का माल बरामद, पूर्व सरपंच की तलाश जारी**



**मंदसौर, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। नीमच नारकोटिक्स विंग ने दो बाइक सवारों को आठ सौ ग्राम सिंथेटिक ड्रग्स के साथ पकड़ा। पूछताछ की गई तो पता चला कि मंदसौर के आक्या कुंवरपदा गांव के पूर्व सरपंच के घर ड्रग्स फैक्टरी चल रही थी। पुलिस ने दो करोड़ रूपए कीमती ड्रग्स बरामद की है। वहीं दोनों बाइक सवारों से पूछताछ जारी है। इधर पूर्व सरपंच को विंग तलाश रही है।**

विंग केअधिकारियों ने बताया कि 01 फरवरी को सूचना मिलने पर नीमच के पास फोरलेन पर टीम ने दबिश दी। इस दौरान बाइक एमपी 14 एनएफ 5470 को रोका गया। यहां बइक सवार बालूसिंह पिता मांगूसिंह पंवार सौंधिया राजपूत उम्र 46 वर्ष निवासी सुवासरा तथा कमलेश पिता नंदलाल प्रजापत उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम ढाबला देवल थाना सुवासरा की तलाशी ली। इनके पास से 806 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी मिली।

### पूर्व सरपंच के घर पर मिली फैक्टरी...

आरोपियों से पूछताछ में ग्राम आक्या कुंवरपदा का पूर्व सरपंच दिनेश पिता दाणीसिंह मोहेल जाति ओढ निवासी ग्राम हिंगोरिया का खेड़ा थाना गरोठ द्वारा काफी लंबे समय से अपने घर में ही एमडी बनाने का काम कर रहा है। पुलिस ने इसके बाद पूर्व सरपंच के घर दबिश दी। पूर्व सरपंच दिनेश मोहेल मौके से ही फरार हो गया तथा घर के पास बनी पानी की हौद में एमडी बनाने के विभिन्न उपकरण एवं व्यवसायिक मात्रा में तैयार मादक पदार्थ एमडी मिलने पर एनडीपीएस एक्ट के आज्ञापक प्रावधानों का पालन करते हुए जब्त किया गया। मौके से 300 ग्राम एमडी जब्त की गई। इस तरह कुल 1 किलो 100 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की गई, जिसकी कीमत लगभग 2.20 करोड़ रुपए आंकी गई है। प्रकरण में आरोपियों के विरूद्ध धारा 8/22, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

## आरक्षकों ने बचाई युवक की जान

**पिपलिया मंडी, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** थाने पर पदस्थ आरक्षक श्रीकृष्णसिंह सिकरवार व आरक्षक सुंदर सिंह एवं पायलट शिवपाल सिंह ने युवक की जान बचाई। जहर खाने के बात युवक की पत्नी को पता चलने पर उसने पुलिस को सूचना दी। आरक्षकों ने तत्काल पहुंचकर युवक को अस्पताल पहुंचाया।

पिपलिया मंडी थाने पर पदस्थ आरक्षे श्रीकृष्ण सिह एक फरवरी को एफआरवी पर ड्यूटी पर थे। पुलिस को सूचना मिली। जिसमें अंकित पिता कालीचरण यादव उम्र 25 साल निवासी जमुनिया कला छतरपुर हामु शिक्षक कालोनी पिपलियामंडी की पत्नी ने बताया कि मेरे पति ने जहर खा लिया है। तुरंत एफआरवी वाहन को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर आरक्षक एफआरवी वाहन से मय पायलेट शिवपाल सिंह के इवेन्ट के लिये रवाना हुआ। जिसको हम एफ.आर.वी वाहन व्दारा सीएचसी पिपलियामंडी लेकर गए। जहां पर अस्पताल स्टाफ व्दारा उसका प्राथमिक इलाज किया। जिससे उसे उलटी कराने कि कोशिश करने पर अंकित ने उलटी नही की। जिसे पिपलियामंडी हास्पिटल से मंदसोर रेफर किया गया। दरअसल 108 को फोन लगाते वाहन को आने मे समय लगना बताया। पिपलियामंडी हास्पिटल स्टाफ द्वारा बताया कि अगर इसे जल्दी मंदसौर नही ले गये तो इसकी मृत्यू हो जायेगी। इसलिए अंकित यादव को एफआरवी वाहन से बड़े अस्पताल ..... **शेष पेज 4 पर**



# श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट 4 मई को खुलेंगे

**राजमहल से मिली चारधाम यात्रियों को खुशखबरी**

**देहरादून/टिहरी गढ़वाल, 02 फरवरी।** विश्वप्रसिद्ध और उत्तराखंड स्थिति श्री बद्रीनाथ धाम जी के कपाट खुलने की तिथि नरेंद्रनगर राजमहल में तय कर दी गई है। परंपरा के अनुसार रविवार को टिहरी जिले के नरेंद्रनगर स्थित राजमहल में महाराजा मनुजेंद्र शाह और राजकुमारी श्रीजा शाह की मौजूदगी में राजपुरोहित ने पूजा-अर्चना की। साथ ही श्री बद्रीनाथ जी धाम के कपाट आगामी 4 मई सुबह छह बजे खोले जाने की घोषणा की गई। साथ ही भगवान बद्रीविशाल के अभिषेक के लिए आगामी 22अप्रैल को नरेंद्रनगर स्थित राजमहल में तिल का तेल निकाला जाएगा।

महाराजा मनुजयेंद्र शाह ने बताया कि नरेंद्र नगर राजदरबार में बसंत पंचमी रविवार को श्री बीकेटीसी के अध्यक्ष अजयेंद्र अजय, मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल सहित रावल, धर्माधिकारी, वेदपाठी रविंद्र सहित अधिकारी कर्मचारी कपाट खुलने की तिथि तय करने के कार्यक्रम के लिए राजदरबार पहुंचें। इस अवसर पर रावल अमरनाथ नंबूदरी, प्रबंधक नवीन भंडारी, कुबेर देवरा समिति अध्यक्ष जशवीर मेहता, सचिव अनूप भंडारी सहित महिला मंगल दल पांडुकेश्वर, नारायण नंबूदरी, राजेश नंबूदरी, मंजेश भुजवाण, दर्शन कोटवाल, वजीर, एडवोकेट आशीष रतूड़ी आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय पक्षियों की मौत..!

**मंदसौर, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम पंचायत भाटरेवास नई आबादी के पास करीब आठ राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत अवस्था में मिले हैं। इसके अलावा कुछ मोर घायल भी मिले हैं। पुलिस को सूचना दी गई है। मोरों की मौत का कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

पुलिस का कहना है कि मृत पक्षियो की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि इतनी संख्या में अचानक मोरो की मौत क्यों हुई।

# मौसम:20 तारीख तक होता रहेगा बदलाव

**मंदसौर, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित अंचल का अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। इससे सुबह-शाम ठंड और दिन में गर्मी महसूस हो रही है। यह स्थिति 20 फरवरी तक बनी रहने की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह के अनुसार, 03 फरवरी से एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय हो रहा है। हालांकि, ये ज्यादा प्रभावशाली नहीं है। लेकिन, प्रदेश के उत्तरी क्षेत्रों में बादल छाने और हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक 12, 13 और 14 फरवरी को कुछ क्षेत्रों में बारिश हो सकती है। 20 फरवरी तक अस्थिर मौसम का दौर जारी रहेगा। इसके बाद ठंड का प्रभाव कम होगा और दिन-रात के तापमान में तेजी से वृद्धि होगी।

फरवरी के महीने की बात करें तो इस महीने ठंड, गर्मी और बारिश तीनों मौसम देखने को मिल सकते हैं। वहीं शुरुआत के दिनों में सुबह से हल्का कोहरा भी रह सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के निदेशक डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि फरवरी के शुरुआती सप्ताह में हल्के बादल छाए रहेंगे। वहीं अगले एक दो दिन में हल्का कोहरा भी नजर आ सकता है। हालांकि बारिश की संभावना नहीं है। राजस्थान की तरफ बारिश की संभावना रहेगी। इस सप्ताह दिन का तापमान घटेगा और रात के तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। दूसरा सप्ताह मौसम के लिहाज से सामान्य रहेगा। इस सप्ताह ना तो ठंड रहेगी, ना ही ज्यादा गर्मी रहेगी और ना ही बारिश की संभावना है। वहीं तीसरे सप्ताह में बारिश की संभावना है। पश्चिम विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से दक्षिणी पश्चिमी हवाएं आने से इस सप्ताह बारिश हो सकती है। इस सप्ताह न्यूनतम और अधिकतम दोनों ही तापमान घटेंगे। वहीं फरवरी के आखिरी सप्ताह की बात करें तो बसंत के बाद फाल्गुन महीने जैसा अहसास रहेगा। रात में थोड़ी ठंडी और दिन में गर्मी का अहसास रहेगा। 03 साल पहले फरवरी में न्यूनतम तापमान 05 डिग्री के आसपास रह चुका है। फरवरी में कभी ठंड तो कभी गर्मी रहती है। इससे इस महीने मौसम में उतार-चढ़ाव लगातार बना रहता है। फरवरी के तीसरे सप्ताह के बाद से गर्मी का अहसास होना शुरू हो जाता है। इसके बाद तापमान तेजी से बढ़ता है।

# हरकिया खाल बालाजी मंदिर में चोरी

**दानपेटी के साथ चार लाख के आभूषण ले गए बदमाश**

**नीमच, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। जिले के जीरन थाना क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध हरकिया खाल बालाजी मंदिर से 4 लाख रुपए के गहने और दानपेटी चोरी हो गए। घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।**

शनिवार रात करीब 2 बजे दो बदमाशो ने मंदिर के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने बालाजी के दो चांदी



के छत्र, चरण पादुका और कई आभूषण चुराए। इतना ही नहीं, दानपात्र को भी तोडक़र उसमें रखी नकदी पर भी हाथ साफ किया। सीसीटीवी फुटेज में चोर बिना चेहरा ढंके बेखौफ होकर चोरी करते नजर आ रहे हैं। घटना का पता रविवार सुबह तब चला जब पुजारी और ग्रामीणों ने मंदिर के टूटे ताले देखे। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

बता दें कि कुछ समय से जिले में चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। पहले घरों और दुकानों में चोरी की वारदातें होती थीं, अब चोर मंदिरों को भी निशाना बना रहे हैं। इससे पहले भी जिले के कई मंदिरों में चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। मौके पर पहुचीं पुलिस टीम ने केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि चोरों की संख्या दो से अधिक हो सकती हैं। चोर जिस बाइक से आये थे, वह भी कैमरे में कैद हुई है। जिसका नम्बर आरजे 27 एजी 9951 है।

### पहले भी हो चुकी चोरी की घटना...

हरकियाखाल बालाजी मंदिर पर कुछ वर्ष पहले भी बदमाशो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस दौरान भी वे नकदी और आभूषण ले गए थे। मगर जीरन थाना पुलिस की टीम ने जल्द ही उन्हें धर दबोचा था। उस चोरी की घटना में खास बात यह थी कि चोर ने चोरी से पहले बालाजी को प्रणाम किया और हाथ जोडने के बाद चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

### राज्यपाल और उपमुख्यमंत्री की आस्था...

हरकियाखाल स्थित बालाजी मंदिर में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की काफी आस्था है। वे समय-समय पर परिवारजनों के साथ बालाजी के दर्शन के लिए आते रहते हैं। इसके अलावा मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी भी आते रहते हैं।

# सांवरिया संकीर्तन की प्रस्तुति हेतु तैयारी बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** 8 फरवरी शनिवार को आगामी 'साँवरिया संकीर्तन' कार्यक्रम का भव्य आयोजन महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर किया जा रहा है, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक पं. गोकुल जी शर्मा अपने मधुर और भक्तिमय भजनों से मंदसौर की धरती को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत करेंगे। इस ऐतिहासिक भजन संध्या के सफल आयोजन के लिए सभी सदस्यों ने तन, मन, धन से सहयोग का संकल्प लिया। पं. गोकुल जी शर्मा देश के प्रसिद्ध भजन गायकों में से एक हैं, जो अपनी दिव्य वाणी और भक्ति रस से ओतप्रोत प्रस्तुति के लिए जाने जाते हैं। उनकी भजनों में संवेदना, श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलता है, जिससे भक्तगण आध्यात्मिक भाव में लीन हो जाते हैं। उन्होंने मालवा मेवाड



के प्रसिद्ध साँवरिया सेठ मंदिर और उसकी महिमा पर आधारित अनेकों अद्भुत प्रस्तुतियाँ दी हैं। उनके भजनों को न केवल भारत में, बल्कि विदेशों में भी अपार सराहना मिली है।

कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु नगरपालिका सभा गृह में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में दशपुर सांस्कृतिक उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. भानुप्रताप सिसौदिया सहित गौरव अग्रवाल, विनोद डगवार, हेमंत बुलचंदानी, नंदकिशोर अग्रवाल, पं. दिलीप शर्मा, पं. ब्रजेश जोशी, पं. राजेश पाठक, दिनेश नागर, कपिल मावर आदि गणमान्य सदस्यों ने अपने विचार रखे और बैठक को संबोधित किया। इस बैठक में पवन उपाध्याय, अरुण अग्रवाल, मनोज पोरवाल, देवेन्द्र संखला (सोनू), शुभम सुरावत, शुभम गौड, आदित्य मारोठिया, सूरज बैरागी, मंगल ठाकुर, गौरव मराठा, राजेन्द्र, तनिष्क सेठिया (छत्रीवाला), अनुज सेठिया, धीरेन्द्र पालीवाल, आराध्य पोरवाल, केशव पोरवाल, सुनील कुमार पोरवाल, कन्हैयालाल, दिग्विजय सिंह सिसोदिया, राजेन्द्र खंडेलवाल, निलेश कुमावत, भाविक संचेती, विनोद कुमार बालानी, योगेश कुमावत, आशीष भाटिया, दिनेश जाट, प्रिंस सिसौदिया, सज्ञनलाल खिमेसरा, राकेश भाटी, पं. नितिन शर्मा (शिवांश), पं. नीरज जोशी, देवेश शर्मा, उमेश पोरवाल, अनमोल बधवा, अंकुश पालीवाल, जितेन्द्र पाटीदार, स्वदेशी जागरण मंच, जयप्रकाश 'बब्बू' पमनानी, रवि देवयानी, यशवंत राठौर, सुभाष खंडेलवाल, राहुल पोरवाल, संजीव करवरिया, मनोज साखला, कपिल माली, मिलन प्यास, प्रवीण दिवाकर, पंकज सेठिया, रोहित चौधरी, डॉ. गौतम वप्ता, पुरुषोत्तम इंदोरा, भेरूलाल साहू, पवन हिंगोरिया, पंकेश सोनी, राधे गोस्वामी, विनोद मंदलिया, दिलीप सेठिया, सुनील डपकरा, पं. रमेशचन्द्र शर्मा, नगेंद्र सिंह चौहान, नरेंद्र पंवार, धीरेन्द्र कदम, ब्रजेशसेन मारोठिया आदि गणमान्य सदस्यों ने भाग लिया।

**कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की योजना** – सभी उपस्थित सदस्यों ने कार्यक्रम की भव्यता को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए, जिसके आधार पर आयोजन समिति ने कार्य विभाजन की रूपरेखा तैयार की। इस संकीर्तन महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी ने एकजुट होकर समर्पण भाव से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। भजन संध्या का यह कार्यक्रम भक्तों के लिए एक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव लेकर आएगा और मंदसौर में एक नई भक्ति परंपरा का शुभारंभ करेगा।



# विधायक जैन ने किया युवा प्रेस क्लब के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत

**मंदसौर, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला युवा प्रेस क्लब के विगत दिवस लोकतांत्रिक तरीके से हुए चुनाव में अध्यक्ष चरण राजपाल , सचिव चित्रेश सोनी, उपाध्यक्ष अशोक परमार, कोषाध्यक्ष ललीत भाटी और सह - सचिव पद पर विजयेन्द्र फांफरिया निर्वाचित हुए थे। उनके विजय होने पर विगत दिनों क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विपिन जैन ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत कर उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं अपने कार्यकाल के शुभकामनाएं देते हुए का कि यह बड़े गौरव की बात है कि युवा प्रेस क्लब अपने नेतृत्वकर्ता पदाधिकारियों का चयन लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव करवाकर करते है। आप सभी पत्रकार हित और जनहित में कार्य करते रहें और मंदसौर का नाम रोशन करें। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि मनोहर नाहटा, राजेश फरक्या चाचा, राहुल तिवारी, पार्षद शैलेन्द्रगिरी गोस्वामी संपादक निलेश भारद्वाज आदि उपस्थित थे।




# स्वच्छता ही हमारे स्वभाव का दर्पण होता है-गौड़

**मंदसौर, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** यदि आप साफ स्वच्छ रहते हैं व साथ ही आपका मकान एवं उसके आसपास स्वच्छता रहती है तो इससे आपके व्यक्तित्व का पता चलता है। ठीक इसी प्रकार से यदि पूरा नगर साफ सुथरा व स्वच्छ रहता है तो इससे नगर प्रशासन की सुव्यवस्था प्रगट होती है। यदि आम जनता नालियों में कचरा न डालकर कचरा वाहन में ही कचरा डालकर अपने मकान के आसपास स्वच्छता रखेगी तथा साथ ही नगर पालिका प्रशासन भी अपनी जिम्मेदारी का पूर्ण निर्वहन करेगी तो अवश्य ही मन्दसौर नगर एक साफ स्वच्छ दर्पण की तरह चमक उठेगा। उक्त बात शिक्षाविद चंद्रशेखर गौड ने कही। वे अनुराग संस्था द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को स्वच्छता, पर्यावरण व जल संवर्धन को लेकर निकाली जाने वाली जनजागरण पदयात्रा के अवसर पर अपनी भावना व्यक्त कर रहे थे। अनुराग जनजागरूकता पद यात्रा में रामचंद्र रैकवार, सत्यनारायण भूरिया, हरिनारायण माथुर, श्रीचंद भावनानी, रमेश सोनी, इंजी. सुनील व्यास, डॉ. देवेंद्र पुराणिक, इंजी. एस के जैन, बंशीलाल टांक, राजेश मेडतवाल, मोहनलाल चौधरी, हरिशंकर शर्मा, कैलाशचंद्र गुप्ता आदि गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। संचालन गोपालकृष्ण पंचारिया ने किया।

# शिवसेना ने मप्र में संगठन का पुनर्गठन किया

**मंदसौर, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे साहब के आदेशानुसार राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अडसुल द्वारा मध्य प्रदेश में संगठन के विस्तार के तहत नई कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया है। इस क्रम में प्रदेश संगठन को और मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

नए पदाधिकारियों में मध्यप्रदेश प्रभारी श्री सुरेश गुर्जर, राज्य प्रमुख श्री ठाडेश्वर महावर एवं श्री राजीव चतुर्वेदी, युवा सेना के लिए मध्य प्रदेश में राज्य प्रमुख श्री पुष्पेंद्र सिंह भदौरिया, श्री जितेंद्र चतुर्वेदी बनाये गये। वहीं प्रमुख संभागों के प्रभारी के तहत भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सागर, नर्मदापुरम संभाग प्रभारी राजीव चतुर्वेदी, जबलपुर, रीवा, शहडोल, ग्वालियर, चंबल प्रभारी ठाडेश्वर महावर, शिवसेना के इस कदम से मध्य प्रदेश में पार्टी के संगठन को मजबूती मिलेगी और जनता तक पार्टी की विचारधारा को और प्रभावी तरीके से पहुंचाया जा सकेगा। नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को प्रदेश में शिवसेना के विस्तार एवं मजबूती की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिवसेना नेताओं का कहना है कि यह पुनर्गठन पार्टी को नई ऊर्जा देगा और आने वाले समय में शिवसेना मध्य प्रदेश में और प्रभावी रूप से काम करेगी। शिवसेना मंदसौर जिला टीम शिवसेना जिला प्रमुख कमलेश राजगुरु शिवसेना जिला उप प्रमुख नरसिंह बैरागी जिला सचिव ओम प्रकाश यादव महिला जिला प्रमुख विद्युत लता गुप्ता को पूरे मंदसौर जिला की शिवसेना की ओर से बधाई व शुभकामनाएं दी है।




# पाटीदार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

## 25 जोड़े बंधे विवाह बंधन में, रक्तदान का भी हुआ आयोजन

**मंदसौर, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** रविवार को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर पाटीदार समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन अमरपुरा ओर गरोडा में आयोजित हुआ। दोनों स्थानों पर समाज के 25 जोडो ने वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया। इस शुभ अवसर पर समाज के प्रबुद्ध लोगों ने समाज सुधार और समाज में होने वाले आर्थिक अपव्यय को रोकने के लिए सामूहिक विवाह जैसे कार्यक्रम की आवश्यकता एवं इसकी महत्ता को बताया। साथ ही समाज की युवा पीढ़ी को शिक्षा एवं कृषि में नई तकनीक के रूप में विस्तृत करने के कई उदाहरण प्रस्तुत किए। विभिन्न मुद्दों पर अलग-अलग वक्ताओं ने अपनी राय प्रस्तुत की।

इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शाजापुर विधायक अरुण भीमावत, सरदार पटेल युवा संगठन प्रदेश अध्यक्ष जीवन पाटीदार, मंदसौर जिला पाटीदार समाज अध्यक्ष दिनेश पाटीदार, प्रदेश महामंत्री नंदकिशोर पाटीदार, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पाटीदार, गरोडा सामूहिक समिति अध्यक्ष रामेश्वर पाटीदार एवं उनकी पूरी टीम ,भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित, भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार,जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, नरेंद्र पाटीदार, शिवराज सिंह राणा ,पुलकित पटवा, आयोजक समिति अमरपुरा अध्यक्ष दिनेश पाटीदार एवं उनकी पूरी टीम लक्ष्मीनारायण पाटीदार आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर गरोडा में गौसेवा रक्षा समिति के द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में समाजजनो के साथ पाटीदार समाज महिला संगठन अध्यक्ष भारती धीरज पाटीदार ने भी रक्तदान किया और संदेश दिया कि रक्तदान करके हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते है। वहीं हमें आत्मसंतुष्टि भी मिलती हैं। बहुत सी महिलाएं रक्तदान करने से कतराती है। जबकि इससे कोई हानि नहीं होती है। अपना हीमोग्लोबिन चेक करवाकर आपको भी रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए।

**पाटीदार समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में आयोजित 90 वाँ रक्त दान शिविर संपन्न**–सामाजिक संस्था रक्तसेवा गौ सेवा फाउंडेशन रजि. मध्यप्रदेश (रक्तसेवा हिंदुस्तान) द्वारा पाटीदार समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन गरोडा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया था।

शिविर में सर्वप्रथम भारत माता जी को द्वीप प्रज्वलित कर रक्तदान का कार्य शुरू किया गया जिसमें 32 युवाओं ने प्रथम बार रक्तदान किया और 64 यूनिट रक्तदान हुआ। राजनीति और समाजिक पदाधिकारियों ने रक्तदान करने में बढ़ चढकर हिस्सा लिया जिसमें भारती पाटीदार (पाटीदार समाज महिला संगठन जिला अध्यक्ष, नगर पालिका पार्षद मंदसौर) , दिनेश पाटीदार (पाटीदार समाज मंदसौर जिला अध्यक्ष) , डॉ. विजय पाटीदार (जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मंदसौर), जगदीश पाटीदार ( पुर्व सरपंच दलौदा चौपाटी) ने भी रक्तदान कर समाज में जागरूकता का संदेश दिया ,शिविर में रामेश्वर पाटीदार गुराडिया लालमुंहा (अध्यक्ष पाटीदार समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन), मुकेश भीमावत (सरदार पटेल युवा संगठन दलौदा तहसील अध्यक्ष) ,श्याम गहलोत (टीम जीवनदाता) का भी सहयोग रहा। शिविर में संस्था के पदाधिकारी अंबाराम पाटीदार शिवगढ़ (प्रदेश उपाध्यक्ष), पुष्कर पाटीदार ( जिला अध्यक्ष ) उपस्थित रहे, उक्त जानकारी संस्थापक नागेश्वर मालवीय द्वारा दी गई।

# जीवन मूल्य फाउंडेशन द्वारा जन्मदिन पर रक्तदान शिविर सम्पन्न

**मंदसौर/बादपुर, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जीवन मूल्य फाउंडेशन माध्यप्रदेश के मंदसौर से शुरू हुवी संस्था जिसमे करीब अब तक 1500 यूनिट ब्लड नीमच व मंदसौर मे अब तक उपलब्ध करवा चुके है सहित शिविर व्यक्तिगत व टीम की मदद से लगातार 2020 से सक्रिय है व इस बार नीमच मे जीवन मूल्य फाउंडेशन जिलाध्यक्ष अर्जुन गुर्जर के द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर नीमच जिले के ग्राम भदवास में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया गया जिसमें ग्राम पंचायत प्रमुख बगदीराम गुर्जर, गुर्जर समाज जिलाध्यक्ष चम्पालाल गुर्जर,जनपद उपाध्यक्ष मनासा मोहनलाल गुर्जर,पूर्व जनपद सदस्य रामनारायण गुर्जर और समस्त मित्रों और साथियों ने मिलकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें सर्वप्रथम संस्था प्रमुख अर्जुन गुर्जर ने रक्तदान कर रक्त शिविर का शुभारंभ किया इस शुभ अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मोहन गुर्जर और सभी साथियों ने रक्तदान कर अर्जुन गुर्जर के हाथ मजबूत किये रक्तदान का मुख्य उद्देश्य



थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चे जिनको हर 15से 20 दिन में रक्त की जरूरत पड़ती है उन बच्चों के लिए एक छोटी सी पहल की है जिसके माध्यम से रक्तदान शिविर का आयोजन करके उन बच्चों को रक्त की उपलब्धता समय पर होने की कोशिश करते है

इस अवसर पर जीवन मूल्य फाउंडेशन संस्थापक राहुल वर्मा ने बताया कि मानव शरीर में बनने वाला रक्त किसी भी फैक्ट्री में उपलब्ध नहीं होता है यह केवल और केवल मानव शरीर में बनता है और किसी मरीज को रक्त की कमी केवल और केवल रक्तदान के माध्यम से ही पूरी हो सकती है जहां एक और युवा साथी रक्तदान से घबराते हैं वहीं नीमच प्रमुख अर्जुन गुर्जर और सभी साथियों ने रक्तदान शिविर का आयोजन करवाके करीब 115 यूनिट रक्तदान करवाया जिसमे श्री गुर्जर सहित सभी युवा साथियो द्वारा रक्तदान किया गया जो एक सराहनीय कार्य है इसके लिए पूरी टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद साथ ही पुरी नीमच जिला चिकित्सालय टीम का आभार व्यक्त करता हूं। और सभी स्वस्थ युवाओं से निवेदन करता हु की आप भी रक्तदान कर मानव हित में अपना योगदान दे सकते है आपका एक रक्तदान तीन मरीज को जान बचाने में मदद कर सकता है। नियमित रक्तदान से इंसान को होने वाले हार्ट अटैक, शरीर में कमजोरी आलसपन जैसी गंभीर बीमारी से बहुत हद तक रोका जा सकता है। जन्मदिन के अवसर पर किस प्रकार के रक्तदान या रक्त शिविरों का आयोजन से पूरे देश के किसी भी अस्पताल में कभी भी रक्त की कमी नहीं होगी ऐसे जन्मदिन के अवसर पर सभी युवा ऐसी सोच रखेगे तो अध्यक्ष अर्जुन गुर्जर द्वारा काफी सराहनीय पहल की है वही केम्प मे सूरज ,अशोक विजय गुर्जर, लालचंद, कपिल, मोहन लोहार, शांतिलाल, नरेंद्र लोहार,संजू ,दिनेश धनगर, मानसिंह, मुकेश गुर्जर ,प्रह्लाद गुर्जर, निलेश गुर्जर,कारूलाल गुर्जर, विष्णु , अनिल ,मोहन सिंह , विरम लालाराम , दिनेश गुर्जर, विकास धनगर, महेश गुर्जर मालवा, परमेश्वर दडिंग,अंबाराम, राहुल कुमार, विदेश कुमार,अर्जुन गुर्जर, आयुष माली,प्रदीप,अभिषेक,ईश्वर,कुलदीप बैरागी, विजय गोस्वामी,अजय वर्मा दशरथ वर्मा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।



# श्री सांई पब्लिक स्कूल दलौदा के स्काउट गाइड ने जंबूरी में किया मलखंभ में प्रदर्शन

**मंदसौर, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री साई पब्लिक स्कूल दलोदा के स्काउट गाइड ने डायमंड जुबली स्काउट गाइड जंबूरी में आयोजित मलखंभ प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों और 10 विदेशियों के प्रतिनिधियों स्काउट गाइड के मध्य मलखंभ शानदार प्रदर्शन किया। इसके लिए टीम के प्रशिक्षक और टीम के समस्त अधिकारी गण बधाई के पात्र है।

मलखंभ टीम ने विद्यालय ही नहीं बल्कि विद्यालय के साथ-साथ विद्यालय संगठन विद्यालय के डायरेक्टर मोहसिन भाई साथ-साथ जिले, संभाग ,प्रदेश और देश का नाम विदेश में फैलाया हैं। समीक्षा सिसोदिया रही आकर्षण का केंद्र- पूरे प्रशिक्षण केंद्र में समीक्षा सिसोदिया विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रही क्योंकि यह सबसे छोटी एकमात्र बुलबुल इस उत्सव में सम्मिलित हुई। मलखंभ प्रतियोगिता में जब समीक्षा सिसोदिया ने मलखंभ की उंचाइयों को छूकर तिरंगा फहराया तो नन्ही बालिका के उत्साह उमंग और अविस्मरणीय शानदार करतब को देखकर अधिकारी और अलग-अलग प्रदेशों और विदेश से आए प्रतिनिधियों ने समीक्षा के साथ अपना फोटो खिंचवाया और समीक्षा देश विदेश में भी वायरल हो गई।

# मनुष्य को गौमाता की सदैव रक्षा करना चाहिए-पं.शर्मा

## पंडित सत्यनारायण शर्मा के मुखारविंद से वीर हनुमान मंदिर पर चतुर्थ दिवस की कथा में हुआ कृष्ण जन्म व पंचम दिवस की कथा बाल लीलाओं का किया वर्णन

**मंदसौर, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम देवरी तहसील मल्हारगढ मे पंडित सत्यनारायण शर्मा के मुखारविंद से वीर हनुमान मंदिर पर सात दिवसीय कथा के तृतीय दिवस के आयोजन का समापन हुआ। जिसमें पंडित सत्यनारायण शर्मा द्वारा भागवत कथा के चतुर्थ दिवस मे कृष्ण जन्म हुआ। यह कृष्ण जन्म ग्राम वासियों द्वारा बड़े उत्साह से मनाया गया।समस्त ग्राम वासियों ने कथा मे भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर उत्साहपूर्ण स्वागत व अभिनन्दन किया।एवं ग्रामवासियो द्वारा आकर्षक झांकियां बनाई गई।ततपश्चात कृष्णपाल सिंह शक्तावत द्वारा देवरी के वीर हनुमान मंदिर पर 21 हजार का सबसे बड़ा दान सहयोग किया गया।पंचम दिवस पर की कथा पर पंडित सत्यनारायण शर्मा द्वारा भगवान श्री कृष्ण की बाल-लीलाओं का बडे रस से वर्णन किया! जिसमें माखन चोरी,कालिया नाग का उद्धार 56 भोग का वर्णन किया! साथ ही गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र का अभियान भी बताया।और भगवान श्री कृष्ण गोपालक थे। उन्हें गोपाल कृष्ण भी कहा जाता है।उसी प्रकार सभी सनातनी प्रेमियों को गौ माता की सदैव रक्षा करना चाहिए।इस अवसर पर पंचम दिवस की कथा पर जनपद सदस्य बंशीलाल धनगर ने कथा मे उपस्थित सभी देवरी ग्रामवासियो के समक्ष कहा कि साबाखेडा के गुरुजी द्वारा यह कथा की जा रही है यह सौभाग्य की बात है।जनपद सदस्य बंशीलाल धनगर द्वारा दो हजार एक सौ रूपये का सहयोग दिया गया।साथ ही देवरी मे होने वाली कथा मे साबाखेड़ा सरपंच परमानंद धनगर ने साबाखेडा के गुरुदेव पंडित सत्यनारायण शर्मा का मान-सम्मान भी किया।देवरी ग्राम के वीर हनुमान मंदिर चतुर्थ व पंचम दिवस की कथा के अंत मे पंडित सत्यनारायण शर्मा द्वारा बताया गया कि इस सात दिवसीय भागवत कथा के माध्यम से आने वाली भेंट व चढ़ावा मेरे द्वारा इस वीर हनुमान मंदिर को समर्पित रहेगा।पंडित सत्यनारायण शर्मा द्वारा अनुरोध किया गया कि इस सात दिवसीय भागवत कथा को सुनने के लिए मंदसौर व आसपास के क्षेत्रों से अधिक से अधिक संख्या मे सभी भक्त व श्रद्धालुओं द्वारा कथा मे पधारकर इस वीर हनुमान मंदिर दान कर पुण्य लाभ लेवे।इस अवसर पर इस कथा मे देवरी पंचायत के समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# निःयुद्ध खेल की दक्षता परीक्षा सम्पन्न

## निःयुद्ध गुरुकुल के 35 नियोद्धाओं ने अपनी खेल दक्षता को प्रमाणित किया



**मंदसौर, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** विश्व स्तरीय नियुद्ध खेल के वर्ल्ड हेड क्वार्टर मंदसौर पर नियुद्ध खेल की दक्षता परीक्षा सम्पन्न हुई। नूतन स्टेडियम परिसर में स्थित नियुद्ध हाल में आयोजित इस परीक्षा में सभी पंजीकृत परीक्षार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान वर्ल्ड नियुद्ध फेडरेशन के फाउंडर नियुद्धाचार्य डॉ. नरेन्द्र श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित थे।

नियुद्ध गुरूकुल द्वारा आयोजित इस दक्षता परीक्षा में सभी बेल्ट स्कार्फ कक्षाओं में अपना घर मंदसौर समेत 35 नियोद्धाओं द्वारा अपनी नियुद्ध खेल की दक्षताओं को प्रमाणित किया गया। परीक्षक के रूप में नियुद्ध गुरू प्रवीण भण्डारी, अजयसिंह चौहान, मनीष रेकवार, नयनसी गंगवाल, अभिरूची भंडारी, अर्पण भंडारी, हिमांशु सिंह चंद्रावत, अलफेज अहमद अंसारी, हर्षिता सिसोदिया, दिव्या मौर्य समेत, अपना घर की नियुद्ध गुरु कंकू, नीलम, संजना, भावना एवं पायल उपस्थित रहे। इस दक्षता परीक्षा के प्रमाण पत्र, नियुद्ध खेल के 44वें स्थापना दिवस एवं महाशिवरात्रि पर्व 2025 पर वितरित किए जाएंगे।

# मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने मनाया कर्तव्य बोध दिवस

**मंदसौर, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के अफजलपुर में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा ब्लॉक स्तरीय कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन किया गया जिसमें करीब 150 शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री हिम्मत सिंह जैन शिक्षक सम्मान आयाम प्रमुख , अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ एवं प्रांतीय संगठन मंत्री मध्य प्रदेश शिक्षक संघ, मुख्य अतिथि श्री विनोद पुनी प्रांतीय कोषाध्यक्ष, श्री अखिलेश मेहता प्रांतीय शिक्षक सम्मान प्रकोष्ठ प्रमुख, श्री रामचंद्र मालवीय प्रांतीय मीडिया सह प्रभारी , श्री विक्रम सिंह सिसोदिया जिला संगठन मंत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदसौर ब्लॉक अध्यक्ष श्री रघुवीर सिंह सिसोदिया ने की।

सरस्वती वंदना या कुंदेंदु तुषार हार धवला श्रीमती विष्णु सुनाथी ब्लॉक कोषाध्यक्ष और श्रीमती मुन्नी दडिंग ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य ने प्रस्तुत की। सभी अतिथियों का परिचय श्री माणकलाल जैन ब्लॉक सह सचिव द्वारा कराया गया। संगठन गीत संगठन



गढ़े चलो सुपंथ पर बढ़े चलो श्री गणपतलाल राठौर तहसील कार्यकारिणी सदस्य द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा मंदसौर तहसील अध्यक्ष श्री शिवनारायण मंडवारिया द्वारा प्रस्तुत की गई।अतिथि उद्बोधन में सर्वप्रथम श्री अखिलेश मेहता के द्वारा कर्तव्य बोध दिवस के अवसर पर विस्तृत रूप से शिक्षकों के कर्तव्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शिक्षक संघ मंदसौर का यह तीसरा कर्तव्य बोध कार्यक्रम है। शिक्षक संघ शिक्षकों के अधिकारों से पहले कर्तव्य की बात करता है। श्री विनोद पुनी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन एवं महान दार्शनिक व्यक्तित्व को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से सभी के समक्ष प्रस्तुत किया साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री सुभाष चंद्र बोस के साहसिक जीवन एवं मां भारती को स्वतंत्र कराने में अपना सर्वस्व त्याग कर देने का अप्रतिम उदाहरण है। श्री हिम्मत सिंह जैन ने अपने उद्बोधन में सभी शिक्षकों में एक ऊर्जा का संचार कर दिया विभिन्न उदाहरणों से सभी शिक्षकों का मार्गदर्शन किया और आपने संगठन की मजबूती, सभी शिक्षकों को संगठित होने का संदेश देते हुए अपने विद्यालय को अपना मंदिर बनाने एवं बच्चों का जीवन संवारने की बात कही। प्रत्येक विकास खंड में 5 विद्यालय हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ के रूप में विकसित करने का आह्वान किया। बुराइयों का त्याग कर अच्छाइयों को जीवन में अपने से लेकर शिक्षकों का अपना मूल दायित्व समझकर सच्ची निष्ठा , ईमानदारी एवं लगन से अपना कर्तव्य का निर्वहन करने पर बल दिया। आपने हर शिक्षक को समाज एवं गांव में सामाजिक समरसता व समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने में अपनी भूमिका तय कर कार्य करने का अनुरोध किया। जनता आपके हितों के संरक्षण के लिए स्वयं आगे आएगी और आपके अधिकारों के लिए जनता सरकार पर दबाव बनाएगी। आभार प्रदर्शन जिला सह संयोजक श्री शंकरलाल आंजना द्वारा व्यक्त किया गया। कल्याण मंत्र दलौदा तहसील अध्यक्ष श्री दिनेश दास बैरागी की प्रस्तुति के साथ आयोजन का समापन हुआ ,इसके बाद भोजन मंत्र के साथ अतिथियों सहित सभी शिक्षकों एवं मातृशक्ति भगिनी ने सामूहिक रूप से सहभोज का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन श्री दुर्गालाल धाकड़ ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य द्वारा किया गया।

# बाल विवाह कानूनी अपराध है

## बाल विवाह कराने या उसमें किसी भी तरह से भागीदारी करने वाले सम्मिलित लोगों के विरूद्ध होगी कानूनी कार्यवाही

**मंदसौर, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के नागरिकों से अपील है कि बाल विवाह सामाजिक अभिशाप के साथ ही कानूनी अपराध है, विवाह के समय यदि लड़के की आयु 21 वर्ष से कम व लडकी की आयु 18 वर्ष से कम हैं तो ऐसा विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। बाल विवाह कराने या उसमें किसी भी तरह से भागीदारी करने वाले जैसे वर-वधु के माता-पिता, धर्म गुरू, हलवाई, केटर्स, बैण्ड वाले एवं समस्त सम्मिलित लोगो के विरुद्ध 'बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006' के अंतर्गत कानूनी कार्यवाही की जायेगी, जिसके अंतर्गत 2 वर्ष के कारावास एवं 1 लाख रूपये के जुर्माने का प्रावधान है।

जिले में बसंत पंचमी एवं आगामी विवाह मुहुर्तो में संभावित बाल विवाह की रोकथाम हेतु जिले में जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास मन्दसौर दलों का गठन किया गया है, परियोजना स्तर पर विभिन्न धर्मिक स्थलों पर संबंधित परिक्षेत्र सुपरवाईजर एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता की ड्यूटी लगाई गई है। बाल विवाह की कार्यवाही में संबंधित थानों के पुलिस बल का भी सहयोग लिया जायेगा। बाल विवाह की सूचना हेतु संरक्षण अधिकारी मन्दसौर, बाल विकास परियोजना अधिकारी, नजदीकी थाना, टोलफ्री नम्बर 100, 181, 1098 आदि पर संपर्क कर सूचना दी जा सकती हैं। सूचना देने वाले का नाम एव नंबर पूर्णत: गोपनीय रखा जायेगा। प्रिंटिग प्रेस, हलवाई केटर्स, धर्मगुरू, बैण्ड वाले, ट्रांसपोटर्स, शादी घर, मेरिज गार्डन वाले एवं अन्यं सेवा प्रदाता तथा समाज के मुखिया से अनुरोध है कि वर-वधु की उम्र संबंधी प्रमाण पत्र, प्राप्त कर परीक्षण के उपरांत ही विवाह में सेवाएं प्रदान की जायें।

## बसंत पंचमी पर्व विशेष-

स्वागत है ऋतुराज तुम्हारा ।।
हर कली मुस्काय रही है ।।
यौवन पर हरषाय रही है ।।
गूंज रहा है गली-गली में
नव बसंत का नारा ।।
स्वागत है ऋतुराज तुम्हारा।।
स्वागत को तुम्हारा हम कब से खड़े हैं।।
मन में उमंग यह भरे हुए हैं ।।
न्योछावर कर दे हम तुम पे
जीवन भर का मद भरा प्यार सारा ।।
स्वागत है ऋतुराज तुम्हारा ।।
कुंजो में कोयल कूक रही है।।
हर हृदय में हूक यह उठ रही है।।
नाच रहा है मन मयूर होकर
स्वागत करने आज तुम्हारा।।
स्वागत है ऋतुराज तुम्हारा।।
टूटे हुए दिल आज जाग उठे हैं।।
मुरझाए मन फिर नाच उठे हैं।।
सबके कानों में गूंज रहा है
मीठा स्वागत गान तुम्हारा।।
स्वागत है ऋतुराज तुम्हारा।।
तुमने यौवन को मस्ती दी।।
प्रेम भरी सबको हस्ती दी।।
हर तरफ उमड़ रहा है
मस्त भरा प्यार तुम्हारा ।।
स्वागत है ऋतुराज तुम्हारा।।
सब में तुम नवजीवन भर दो।।
मुरझाई हर कली को विकसित कर दो।।
सुमन कमल गुलाब सा खिला रहे
नित प्यारा भारत देश हमारा ।।
स्वागत है ऋतुराज तुम्हारा ।।

सबको मां शारदा के पावन पर्व बसंत पंचमी और ऋतुओं के राजा बसंत के आगमन की बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं मंगल बधाइयां जय श्री राम जय श्री कृष्णा शुभाकांक्षी।



**बंशीलाल टॉक, मंदसौर**

### अवैध उत्खनन के दो प्रकरणों में संबंधित जिला खनिज अधिकारी तथा खनिज निरीक्षक समेत...

# दो अन्य व्यक्तियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

## समाधानकारक उत्तर नहीं देने की दशा में दोनों व्यक्तियों से सवा 17 करोड़ से अधिक अर्थदंड वसूला जाएगा

**रतलाम, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर राजेश बाथम द्वारा जिले में अवैध उत्खनन के प्रकरणों में बड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिले की ताल तहसील में अवैध उत्खनन के प्रकरणों में दो व्यक्तियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए हैं। संबंधित व्यक्तियों द्वारा समय सीमा में समाधानकारक उत्तर मय प्रमाण के प्रस्तुत नहीं करने पर दोनों से कुल 17 करोड़ 28 लाख रुपए अर्थदंड वसूला जाएगा। कलेक्टर द्वारा जिला खनिज अधिकारी तथा खनिज निरीक्षक को भी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं।

जानकारी में बताया गया है कि तहसील ताल के ग्राम मंडावल निवासी ऋतुराज सिंह पिता शिवराज सिंह को ग्राम नापाखेड़ा में 35200 घन मीटर अवैध उत्खनन पर 5 करोड़ 28 लाख रुपए की शास्ती अधिरोपित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त प्रकरण में बताया गया है कि ग्राम नापाखेड़ा की शासकीय भूमि में से रकबा एक हेक्टेयर में क्रशर मशीन आधारित गिट्टी उत्खनीत पट्टा 10 वर्ष की अवधि हेतु 7 फरवरी 2021 तक के लिए ही स्वीकृत था। ग्रामवासियों के माध्यम से अवैध उत्खनन संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर जांच की गई जिसमें पता चला कि स्वीकृत अवधि अवसान होने के पश्चात भी अवैध उत्खनन में संलिप्तता पाए जाने पर पुलिस थाने में प्रकरण पंजीबद्ध करवाया गया था। कलेक्टर के निर्देश पर अधीक्षक भू अभिलेख द्वारा जांच प्रतिवेदन में बताया गया कि पूर्व स्वीकृत उत्खनित पट्टा स्थल के अतिरिक्त 0.880 हेक्टेयर पर पत्थर अवैध उत्खनन पाया गया। जांच में 35200 घन मीटर अवैध उत्खनन में अवैध उत्खनित खनिज रॉयल्टी 50 रुपए प्रति घन मीटर की दर से 17 लाख 60 हजार रुपए होती है। अवैद्य उत्खनित खनिज रॉयल्टी की 15 गुना राशि तथा उसके समतुल्य पर्यावरण क्षतिपूर्ति की राशि, इस प्रकार रॉयल्टी की कुल 30 गुना राशि 5 करोड़ 28 लाख रुपए की शास्ती ऋतुराज सिंह के विरुद्ध अधिरोपित किया जाना प्रस्तावित है। इसी प्रकार ग्राम नापाखेड़ा तहसील ताल में रकबा दो हेक्टेयर में क्रेशर मशीन आधारित गिट्टी उत्खानित पट्टा निष्पादन के पूर्व ही प्रश्नाधीन भूमि पर 80 हजार घन मीटर में अवैध उत्खनन के प्रकरण में ग्राम मंडावल तहसील ताल निवासी बीनू कुंवर पति ऋतुराज सिंह के विरुद्ध कुल 12 करोड रुपए की शास्ती मध्यप्रदेश खनिज अवैध खनन परिवहन तथा भंडारण का निवारण नियम 2022 के नियम 18 के अंतर्गत अधिरोपित किया जाना प्रस्तावित है।

**खनिज अधिकारी तथा निरीक्षक को भी कारण बताओ सूचना पत्र–** कलेक्टर राजेश बाथम द्वारा उपरोक्त प्रकरणों में जिला खनिज अधिकारी सुश्री आकांक्षा पटेल तथा खनिज निरीक्षक श्री देवेंद्र कुमार चिडार को भी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। जिला खनिज अधिकारी को जारी पत्र में कहा गया है कि उनके द्वारा कलेक्टर के समक्ष कोई भी जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे प्रथम दृष्टया अवैध उत्खननकर्ता के साथ संलिप्तता परिलक्षित होती है, उनकी उदासीनता के कारण शासन को भारी राजस्व हानि हुई है। प्रथम दृष्टया उनके द्वारा अवैध उत्खनन प्रतिवेदन नहीं किया गया। थाना प्रभारी के माध्यम से संज्ञान आने के बाद भी उनके द्वारा स्वयं सत्यापन या निरीक्षण नहीं किया गया और ना अवैध उत्खनन पर रोक लगाने की चेष्टा की, इस कारण से अवैध उत्खनन जारी रहा, शासन को राजस्व हानि हो रही है। उक्त तथ्य अधीक्षक भू अभिलेख की रिपोर्ट से प्रकाश में आया जबकि यह उनका प्राथमिक एवं पदीय दायित्व है जिससे विदित होता है कि वह अपने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों को गंभीरता से नहीं लेते। यह गंभीर रूप से आपत्तिजनक होकर अनुशासनहीनता का द्योतक है तथा अपने पदीय दायित्व के प्रति उदासीनता है। वे शासकीय सेवा के प्रति कर्तव्य परायण नहीं है, उक्त कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा के प्रतिकूल होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। इसी प्रकार खनिज निरीक्षक को जारी कारण बताओ सूचना पत्र में कहा गया है कि उनके द्वारा उचित माध्यम से कलेक्टर के समक्ष जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया, गणना राशि भी निर्धारित प्रावधान अनुसार ना कर गणना मूल्यांकन त्रुटिपूर्ण किया गया जिसके आधार पर प्रथम दृष्टया उनकी अवैध उत्खननकर्ता के साथ संलिप्तता परिलक्षित होती है, साथ ही शासन के प्रावधान अनुसार गणना न कर शासन को राजस्व हानि पहुंचाई है। प्रथमतया उनके द्वारा अवैध उत्खनन प्रतिवेदित नहीं किया गया, थाना प्रभारी के माध्यम से संज्ञान आने के बाद भी उनके द्वारा स्वयं सत्यापन निरीक्षण नहीं किया गया, उनके कृत्य से शासन को राजस्व हानि हो रही है। उक्त तथ्य अधीक्षक भू अभिलेख की रिपोर्ट से प्रकाश में आया जबकि यह उनका प्राथमिक एवं पदीय दायित्व है, स्थिति से विदित होता है कि वह अपने पदीय दायित्वों के प्रति उदासीन है, शासकीय सेवा के प्रति कर्तव्य परायण नहीं है जो गंभीर रूप से आपत्तिजनक होकर अनुशासनहीनता का द्योतक है। उनका कृत्य कदाचरण की श्रेणी में आता है। दोनों अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में उत्तर नहीं होने पर यह मान्य किया जाएगा कि उनको अपने पक्ष समर्थन में कुछ नहीं कहना है। ऐसी स्थिति में उनके विरुद्ध एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी।



# बसंत पंचमी का त्यौहार धार्मिक दृष्टि के साथ-साथ सांस्कृतिक दृष्टि से भी खास

## सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में मनाया बसंत पंचमी महोत्सव

**मंदसौर, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, संजीत मार्ग मंदसौर में बसंत पंचमी महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सैनिक स्कूल एवं सी.बी.एस.ई. की प्राचार्य डॉ. सरोज प्रसाद दीदी रही एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता छात्रावास अधीक्षक कमल गोठी ने की।

कार्यक्रम का शुभारम्भ उपस्थित आगंतुकों ने दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से किया। अतिथियों का स्वागत बी. एड. चतुर्थ सेमेस्टर के छात्राध्यापक आदित्य परिहार व छात्राध्यापिका भानु शर्मा ने किया। अतिथि परिचय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. योगिता सोमानी ने दिया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापिका श्रीमती निशा शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. सरोज प्रसाद ने कहा की बसंत पंचमी का त्यौहार न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी खास हैं, ब्रह्मा जी ने संसार बनाया तब बिना वाणी के संसार था। तब माँ सरस्वती की वीणा से निकले शब्दों से संसार सुरों से भर गया। उन्होंने बताया की धन कोई भी चुरा लेगा पर ज्ञान कोई नहीं चुरा सकता स धन अचानक भी मिल सकता पर ज्ञान तो मेहनत और सरस्वती जी के आशीर्वाद से ही मिलता है। श्री कमल भाई ने अपने संबोधन में कहा कि अपने कर्म और ज्ञान के प्रकाश से शिक्षक ही आगे चलकर भावी पीढ़ी को तैयार करता है। अंत में आभार सहायक प्राध्यापक संजय डागर ने माना। कार्यक्रम में समस्त स्टॉफ एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहें।

## निरोग्यम नीमच अभियान के तहत जावद एवं सिंगोली में बैठक आज

**नीमच, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में आज 3 फरवरी 2025 से प्रारंभ किया जा रहे निरोग्यंम नीमच अभियान के तहत 3 फरवरी को दोपहर 12:00 बजे सामुदायिक भवन डोम सिविल हॉस्पिटल जावद में जावद तहसील क्षेत्र के सभी चिकित्सा अधिकारी एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी सभी सचिव क्षेत्र से संबंधित आशा कार्यकर्ता ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सी एच ओ, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता ,समस्त ब्लॉक अधिकारी स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अन्य अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई है।सभी सबंधितों को एसडीएम सुश्री प्रीति संघवी ने इस बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

इसी तरह सिंगोली तहसील क्षेत्र से संबंधित बैठक सोमवार को अपरान्ह 3:00 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर सिंगोली के डोम में आयोजित की जा रही है जिसमें संबंधित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहेंगे।



## साइबर क्राइम: पुलिस ने पढ़ाया जागरुकता का पाठ

**मंदसौर, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नारायणगढ़ थाना पुलिस ने साइबर अपराधों से बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें बस स्टैंड नारायणगढ़ पर आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अभियान के तहत नारायणगढ़ थाने के सब इंसपेक्टर भारत भाबर ओर पुलिस की टीम ने इस अभियान के तहत लोगों को साइबर अपराधों, नशे, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों के बारे में जानकारी दी। जागरूकता अभियान में बताया कि साइबर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और अपराधी नए-नए तरीकों से ठगी कर रहे हैं। ऐसे अपराधों से बचने के लिए सावधानी और सतर्कता बेहद जरूरी है। बैंकिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, वॉलेट और यूपीआई से संबंधित धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए। उन्होंने आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम, बारकोड और व्हाट्सएप हैकिंग से बचने के लिए सावधानियां बरतने की सलाह दी। साथ ही साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कर ठगी की रकम वापस पाने की प्रक्रिया भी समझाई। इसके अलावा, साइबर अपराधियों द्वारा सोशल मीडिया पर हनी ट्रैप, फर्जी वेबसाइट्स, गूगल से कस्टमर केयर नंबर सर्च करने और अनजान वीडियो कॉल से बचने के उपाय बताए गए।

# विधायक डंग ने 4 करोड़ 45 लाख के कार्यो का भूमिपूजन किया



**सुवासरा, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर में रविवार को अमृत योजना 2 के अंतर्गत विधायक हरदीपसिंह डंग ने 4 करोड़ 45 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। सुबह 11 बजे तहसील कार्यालय के समीप नगर परिषद द्वारा आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक डंग, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह मंडलोई परिषद अध्यक्ष सविता बालाराम परिहार सहित पार्षदों ने गेती चलाकर कार्य प्रारंभ किया। योजना के अंतर्गत वर्ष 2055 को दृष्टित रखते हुए 305 लाख रुपये की लागत से नगर में 9 किमी. पेयजल हेतु पाइप लाइन डाली जाएगी। जिसमें 800किलो लाख लीटर की पेयजल टंकी तहसील कार्यालय के पास बनाई जाएगी।इसमें से 1100 एम नल कनेक्शन दिए जाएंगे। वहीं विशेष निधि के अंतर्गत 1 करोड़ 40लाख की लागत से 9 सीसी रोड़ सहित बड़ा नाला और नालियां बनाई जाएगी।परिषद के भूमिपूजन कार्यक्रम से मीडिया ने दूरी बनायी। जिसके चलते विधायक ने परिषद के जिम्मेदारों को फटकार भी लगाई। हालांकि मीडिया की नगर परिषद से कोई नाराजगी नहीं है।

इस भूमिपूजन कार्यक्रम की मजेदार बात यह रही कि 18 माह पूर्व में भी विधायक डंग और परिषद के जनप्रतिनिधियों ने विशेष निधि से बनने वाले सीसी रोड ,नाले और नालियों का भूमिपूजन किया था। शिवशक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी शामगढ़ के द्वारा निर्माण कार्य किया जाना था। लेकिन कार्यादेश जारी होने के बाद भी संबंधित कंपनी ने कार्य नही किया। वजह पुराना बिल बाकी होने से काम शुरू नही किया। इस तरह से 18 माह में दूसरी बार भूमिपूजन कर दिया गया। ऐसी ही स्थिति सात माह से सुवासरा गांव चौपाटी से 52 क्वाटर तक बनने वाले सीसी मार्ग का है। आधा अधूरा निर्माण कर ठेकेदार द्वारा काम बंद कर रखा है। और वजह राशि का भुगतान नही होना है। इस कारण से इस मार्ग से आने जाने वाले राहगीरों को अधूरे निर्माण से परेशानी हो रही है। वहीं जितना निर्माण इस सड़क का हुआ है वो भी कई जगह से क्रेक होने लगा है। परिषद की वित्तीय अव्यवस्था के कारण जनता तो परेशान हो रही है वहीं संबंधित ठेकेदार भी गुणवत्ता पूर्ण कार्य नही कर पा रहा है। परिषद में बैठे अनुभवहीन जिम्मेदारों के कारण नगर की जनता को परेशानी में डाल दिया। फिलहाल आज हुए भूमिपूजन वाले विशेष निधि के कार्य को करने का जिम्मा बसंतसिंह राठौर कंपनी गरोठ को दिया गया है।

**इनका कहना...**

विशेष निधि के अंतर्गत बनने वाले निर्माण कार्यो के टेंडर दोबारा आमंत्रित किये गए क्योंकी पहले वाले ठेकेदार ने टेंडर स्वीकृत होने के बाद कार्य करने में असमर्थता जताई थी। उक्त ठेकेदार पर परिषद नियमानुसार कार्यवाही करने का निर्णय लेगी।

**यश निगम**
**उपयंत्री नगर परिषद सुवासरा**

# वार्षिक उत्सव के मंच पर विद्यार्थी बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी करें



**संजीत, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** वार्षिक उत्सव के मंच पर जब नन्हे-मुन्ने बच्चे अपनी प्रतिभा का मंचन करते हैं तो वह आगे चलकर कई बड़े मंच तक पहुंचते हैं। वार्षिक उत्सव विद्यालय में प्रतिवर्ष होने वाला एक ऐसा उत्सव है जो की नन्हे भैया/बहनों की प्रतिभा को सबके सामने लाता है। वार्षिक उत्सव में भाग लेते समय बच्चों को बिल्कुल भी हिच किचाना नहीं चाहिए, बल्कि बढ़- चढ़कर भागीदारी करना चाहिए, ताकि आप भविष्य में देश के कई बड़े मंचों पर अपने गांव,नगर, प्रदेश और देश का प्रतिनिधित्व कर सके।

उक्त बात भाजपा नेता शरद जैन ने संजीत की शिक्षण संस्था बीजेएस साइंस एकेडमी के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में कहीं। शनिवार शाम ग्राम के आनंद भवन परिसर में बीजेएस साइंस एकेडमी का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता शरद जैन, भाजपा बूढ़ा मंडल महामंत्री सुनील शर्मा, ग्राम पंचायत संजीत सरपंच जुल्फिकार मेंव, पूर्व उपसरपंच वाहिंद खां मेव, ग्राम के दशरथ सोनी, सतीश चौधरी, धीरज सोलंकी, परवेज पठान सहित पत्रकार सईद मेव, सईम पठान, देवेंद्र मोर्य उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों विद्यालय के संचालक अंकित तिवारी, प्राचार्य राहुल तिवारी ने स्वागत सम्मान किया। वार्षिक उत्सव की इस आयोजन में विद्यालय के नन्हे विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसमें देशभक्ति, धार्मिक भजन, राजस्थानी गीतों पर नृत्य सहित नशामुक्ति जेसे संदेशात्मक नाटक का मंचन भी किया। छोटे बच्चों की इन प्रस्तुतियो ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका नेहा जायसवाल ने किया व अंत में आभार शिक्षक गिरीधर द्विवेदी ने माना।




## अंडर-19 महिला विश्व कप: भारत की बेटियों ने लहराया परचम

**कुआलालम्पुर, 02 फरवरी।** भारत की बेटियों ने रविवार 2 फरवरी को इतिहास रचते हुए लगातार दूसरी बार अंडर-19 महिला टी-20 वर्ल्ड कप पर कब्जा जमाया है। टीम ने फाइनल में एकतरफा अंदाज में साउथ अफ्रीका को नौ विकेट से मात दी। मैच में साउथ अफ्रीका की कप्तान कायला रेनेके ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. उनका यह फैसला गलत साबित हुआ, जहां पूरी टीम सिर्फ 82 रनों पर ढेर हो गई. भारत ने इस टारगेट को सिर्फ एक विकेट खोकर हासिल कर लिया. फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया के लिए गोंगडी त्रिशा ने गेंद और बल्ले से धमाका मचाते हुए साउथ अफ्रीका को मैच से बाहर कर दिया. उन्होंने पहले गेंदबाजी में कमाल दिखाते हुए तीन विकेट लिए और इसके बाद बल्ले से धमाका करते हुए 44 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली.

# चिंटू ब्रदर्स ने जीता चंबल सुपर सीनियर लीग का खिताब अतिरिक्त समय में मारा गोल्डन गोल



**मंदसौर, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** चंबल फुटबॉल क्लब, मंदसौर द्वारा 2 दिवसीय 7-साइडर चंबल सुपर सीनियर लीग का आयोजन नूतन फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। शनिवार को खेले गए लीग मुकाबलों के बाद रविवार को फाइनल के लिए क्वालीफायर और एलिमिनेटर मुकाबले खेले गए। पहले खेला गया क्वालीफायर मुकाबला चिंटू ब्रदर्स और अंशुल ब्रदर्स के बीच खेला गया। मैच के 31वें सेकंड में ही चिंटू ब्रदर्स ने अंशुल ब्रदर्स पर गोल मारकर उनकी टीम को बैकफुट पर डाल दिया। पहले हॉफ तक अंशुल ब्रदर्स की टीम गोल मारने का प्रयास करती रही लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। सेकंड हॉफ में अंशुल ब्रदर्स को मिले एक मौके का फायदा उठाते हुए उनके खिलाडी चेतन ने गोल किया और अपनी टीम को 1-1 की बराबरी पर कर दिया। मैच बरबरी पर रहने के बाद हुए पेनल्टी शूटआउट में चिंटू ब्रदर्स ने अंशुल ब्रदर्स को 3-2 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। एलिमिनेटर मुकाबले में बाबू ब्रदर्स और कप्तान ब्रदर्स के बीच हुआ मुकाबला बाबू ब्रदर्स ने 2-0 से जीता। कप्तान ब्रदर्स की टीम ने काफी प्रयास किए जिससे उनकी टीम बराबरी पर आ सके लेकिन बाबू ब्रदर्स के मजबूत डिफेंस का भेद नहीं सके। दूसरा क्वालीफायर मुकाबला बाबू ब्रदर्स और अंशुल ब्रदर्स के बीच खेला गया। गरमा गरमी भरा यह मुकाबला अंत समय तक कश्मकश भरा रहा। जिसमें बाबू ब्रदर्स ने 1-0 से अंशुल ब्रदर्स को हरा कर फाइनल में प्रवेश किया।

शाम को 4 बजे फाइनल मुकाबला चिंटू ब्रदर्स और बाबू ब्रदर्स के बीच खेला गया। जिसमें शुरुआती कुछ क्षणों में ही बाबू ब्रदर्स की टीम ने गोल मारकर बढ़त बना ली। सेकंड हॉफ के शुरू होते ही चिंटू ब्रदर्स के खिलाड़ी झावा ने गोल मारकर बाबू ब्रदर्स की बढ़त को बराबर कर दिया। अंत समय तक दोनों ही टीम एक दूसरे पर गोल मारने का प्रयास करती रही लेकिन किसी को भी सफलता नहीं मिली और मैच बराबरी पर रहा। इसकेबाद 15 मिनिट का अतिरिक्त खेल खेल गया जिसमें चिंटू ब्रदर्स के खिलाड़ी हर्षवर्धन ने तेजतर्रार गोल मारकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। पूरे मैच में चिंटू ब्रदर्स के खिलाड़ी हावी रहे जिसके कारण उन्होंने इस चंबल सुपर सीनियर लीग के खिताब को अपने नाम किया। फाइनल मैच में उपस्थित अतिथियों ने विजेता टीम चिंटू ब्रदर्स को चंबल फुटबॉल क्लब की तरफ से चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की और उपविजेता टीम बाबू ब्रदर्स को भी ट्रॉफी प्रदान की गई। पूरे टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी की ट्रॉफी आयुष झावा को प्रदान की गई। आज के मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच श्री ईश्वर जी जाट, क्लब सचिव ईश्वर सिंह चौहान, अध्यक्ष श्री भानुप्रताप सिंह सिसौदिया, जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष बाबू गुर्जर, सचिव विपिन शर्मा, मुजम्मिल काजी, सुरेंद्र प्रताप सिंह, गोरधन सिंह चौहान, कमल कंडारे, चरण सिंह, मुकेश हीवे, राजेश चौहान, अक्षय उपाध्याय, संदीप मंडेवरा, योगेश चौहान, विजय तनान, देवव्रत तुगनावत, अजय सिंह, आदि सदस्य उपस्थित थे।

## आरक्षकों ने बचाई युवक...

पेज 1 से जारी

मंदसौर ले सूचना कंट्रोल व एचसएम को दी। पीड़ित को अस्पताल मंदसौर ले जाने की अनुमति प्राप्त की तथा मजरुह को एफ.आर.वी. वाहन मे बिठाकर मंदसौर के लिए रवाना हुए। इस दौरान पिपलिया मण्डी ब्रीज व चौपाटी के बिच डायल 100 वाहन बंद होने एवं मजरूह की हालत गंभीर होने से मजरूह को उपचार हेतु तत्काल चौकी वाहन से मंदसौर अस्पताल ले गये। समय पर उपचार मिलने से युवक की जान बच गयी।

## निरोग्यम नीमच अभियान के तहत मनासा, रामपुरा व कुकड़ेश्वर में बैठक आज

**नीमच, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में आज 3 फरवरी 2025 से प्रारंभ किया जा रहे निरोग्यंम नीमच अभियान के तहत 3 फरवरी को दोपहर 12:00 बजे सामुदायिक भवन नगर परिषद मंडी के पीछे मनासा में क्षेत्र के सभी सचिव जनपद मनासा, मनासा क्षेत्र से संबंधित आशा कार्यकर्ता ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ,समस्त ब्लॉक अधिकारी स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अन्य अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई है सभी सबंधितों को एसडीएम मनासा श्री पवन बारिया ने इस बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह रामपुरा तहसील से संबंधित बैठक रामपुरा में रहेगी जिसमें संबंधित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहेंगे।


**Nikhil Ch. Pramanik**
B.Com, L.L.B. (Hons.) ADVOCATE
Mail ID: nikhil. pramanik@gmail.com
Office: 20/1, 1 Floor, Sikh Mohalla, 102, Jr. MIG (Chhoti Bhamori), Opp. Anop Talkies, INDORE (MP)
Mob.: 93292 77315, 9329221355

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

**आवासीय मकान जो कि भूमि सर्वे नम्बर 1165/मिन-1/मिन-3 रकबा 0.0130 हेक्टर या 1400 वर्गफीट कुमावत धर्मशाला के पास ग्राम कस्बा मंदसौर प.ह.न. -25 तहसील व जिला मंदसौर (नरसिंहपुरा रोड रामटेकरी की ओर) म. प्र. के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार चोलामण्डलम इनवेस्टमेण्ट एण्ड फायनेन्स कम्पनी लि., इन्दौर में (1) श्री गणेश पिता श्री धन्नाजी कुमावत (2) श्रीमती ललिता पति श्री गणेश कुमावत दोनो निवासी कुमावत धर्मशाला के पास रामटेकरी मंदसौर म. प्र. ने उक्त सम्पत्ति की प्रतिभूति पर मनवार गार्डन रेस्टोरेन्ट के नाम से ऋण सुविधा प्रदत्त करने का अनुरोध किया है।

यह कि राजस्व अभिलेख में उक्त संपत्ति पर गणेश कुमावत का नाम से दर्ज होने से गणेश कुमावत के द्वारा पंजीकृत सह-स्वामित्व विलेख ई-पंजीकृत लेख क्रमांक एम.पी. 249392021ए1856010, दिनाक 08-10-2021 अपनी पत्नि श्रीमती ललिता के पक्ष में निष्पादित किया है और इसके अलावा इस सम्पत्ति के मालिकाना हक एवं स्वामित्व के संबंध में कोई भी पंजीकृत दस्तावेज नहीं है और इसके पूर्व के भी पंजीकृत श्रृंखला दस्तावेज नही है।

अतएव: उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, कंपनी आदि को किसी प्रकार की आपत्ति, हक, स्वत्व, विक्रय, दान, बंधक, अनुबंध, भार-बोझ आदि हो तो इस सूचना से 3 (तीन) दिन के अन्दर मय प्रमाण लिखित में मुझे सूचित कर अथवा सम्पर्क करें अन्यथा अवधि पश्चात् किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त संपत्ति की प्रतिभूति पर ऋण सुविधा प्रदत्त कर दिया जायेगा।

निखिल चन्द्र प्रामाणिक, एडवोकेट
20/1सिक्ख मोहल्ला, इन्दौर


### जिले में आज से नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए 21 दिवसीय निरोग्यम नीमच अभियान...

# कलेक्टर ने की निरोग्यम नीमच अभियान की तैयारियों की समीक्षा



**नीमच, 02 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले में नागरिकों की स्वानस्य्या सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन द्वारा सांसद एवं विधायकगणों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से 3 फरवरी 2025 से नीमच जिले में 21 दिवसीय निरोग्यम नीमच प्रारंभ किया जा रहा है।

**100 दिवसीय निक्षय अभियान–** निरोग्यम नीमच अभियान के तहत में शतप्रतिशत घरों का सर्वे कर, स्क्रीनिंग की जावेगी और शिविर लगाकर संभावित रोगियों के एक्स रे करवाए जाएंगे। चिन्हित टी.बी.रोगियों को फूड बास्केट भी वितरित की जाएगी। सुपोषित नीमच के तहत इस अभियान में डोर-टू-डोर सर्वे कर, सेम एवं मेम श्रेणी के बच्चों का चिन्हांकन कर, जरूरतमंद बच्चों को पूरक पोषण आहार दिया जाएगा और कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती करवाया जाएगा। आरबीएसके कार्यक्रम निरोग्यम नीमच अभियान के तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जन्मजात विकृति वाले बच्चों को चिन्हित कर, उनका फालोअप, रेफर कर उपचार करवाया जाएगा।

**मिशन इंद्रधनुष–** इस अभियान के तहत डोर टू डोर सर्वे करवाकर, शतप्रतिशत बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित कर, 100 फीसदी सेचुरेशन कर मिशन इंद्रधनुष में शामिल किया जाएगा। आरसीएच अभियान निरोग्यम नीमच के तहत प्रसव पूर्व जाँच से शेष रही गर्भवती महिला का शतप्रतिशत पंजीयन एवं निर्धारित 4 एएनसी(प्रसव पूर्व जॉचं) करवाई जाएगी। जिससे कि हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान कर, उन्हें न्यूट्रीशन बास्केट भी वितरित की जाएगी। साथ ही गंभीर एनिमिक गर्भवती महिला को आयरन सुक्रोश का डोज दिया जावेगा। आयुष्मान भारत योजना निरोग्योम नीमच के तहत आयुष्मान पंजीयन से शेष रहे हितग्राहियों और 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी हितग्राहियों का डोर टू डोर सर्वे के माध्यम से चिन्हांकन कर, शेष हितग्राहियों का शतप्रतिशत पंजीयन कर, आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य अमला घर-घर सर्वे कर, संभावित कुष्ठरोगियों की पहचान कर, उन्हें उपचार सुविधा एवं फूड बास्केट उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही सर्वे में दिव्यांगजनों का चिन्हांकन कर शेष रहे दिव्यांगों को दिव्यंगता प्रमाण पत्र एवं अन्य उपकरण एवं सामग्री भी प्रदान की जाएगी। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने उक्त अभियान के तहत शतप्रतिशत सेचुरेशन हांसिल करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, बीएमओ, चिकित्सकों, एसडीएम, जनपद सीईओ, जिला स्तरीय नोडल अधिकारी, आईएमए, व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थांओं के प्रतिनिधियों से चर्चा कर, उन्हें अभियान की विस्तृंत रूपरेखा बताई और पूरी निष्ठा के साथ इस अभियान में जुड़ने का आव्हान किया। बैठक में कलेक्टर ने तीनों एसडीएम को निर्देश दिए, कि 3 फरवरी 2025, सोमवार को निरोग्य म नीमच अभियान के तहत विकासखंड स्तर पर मैदानी अमले का प्रशिक्षण आयोजित कर, उन्हें अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए मोबिलाईज्ड करवाए। साथ ही 4 फरवरी को उपखण्ड स्तर पर अभियान का शुभारंभ कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों के आतिथ्य में आयोजित कर, शुभारंभ करवाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, सभी एसडीएम एवं जनपद सीईओ, सीएमओ, सीडीपीओ एवं जिला अधिकारी मौजूद थे।


**✻ पुष्पांजलि ✻**



नंदकिशोर दुबे (भोपाल) सुरेश दुबे (इंदौर) के अनुज, श्रेया, पूर्वी और ऋचा के पिताजी श्री राजेशजी दुबे ( पूर्व परियोजना अधिकारी जिला पंचायत मंदसौर) का आकस्मिक निधन 1 फरवरी शनिवार को हो गया है। सोमवार दिनांक 3 फरवरी 2025 को सायंकाल 4 बजे, श्रम शिविर (अफीम गोदाम के पास, नईआबादी, मंदसौर) में श्रद्धांजलि स्वरूप पुष्पांजलि बैठक रखी गई है।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**दुबे परिवार, मंदसौर, इंदौर, भोपाल।**


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in